यह सुनकर, सुबाहुकुमार मातापिता से बोले हे मातापिता! आपने जो यह कहा है कि "हे पुत्र! दादा आदि से चले आए धन आदि का भोग कर यावत् कल्याणों का अनुभव कर चुकने पर श्रमण भगवान महावीर के पास दीक्षा लेलेना" सो हे माता पिता! हिरण्य और सुवर्ण आदि समस्त वस्तुएं अग्नि से नष्ट हो सकती हैं, चोर चुरा सकते हैं,राजा लूट सकता है, पुत्रादि बँटा सकते हैं और मृत्यु हो जाने से भिन्न हो सकती हैं। यह अग्नि और राजा के लिए साधारण है यावत् मृत्यु के लिए साधारण है, सड़ना गलना और नाश होना ही इनका धर्म है। आगे या पीछे छोड़ना अवश्य पड़ेगा, परन्तु यह कौन जानता है? पहले कौन नष्ट होगा और पीछे कौन नष्ट होगा? इसी कारण से यावत दीक्षा लेना चाहता हूँ ॥ ४६ ॥

**मूलम्— तए णं तस्स सुबाहुस्स कुमारस्स अम्मापियरो जाहे नो संचाएंति, सुबाहुकुमार बहूहिं विसयाणुलोमाहिं आघवणाहि य पन्नवणाहि य सन्नवणाहि य विन्नवणाहि य आघवित्तए वा पन्नवित्तए वा, सन्नवित्तए वा, विन्नवित्तए वा, ताहे विसयपडिकूलाहिं संजमभउव्वेयकारियाहिं पन्न**

बहूहि य पण्णवणाहि एवं वयासी एवं णं जाया! णिग्गंथे पावयणे सच्चे अणुत्तरे केवलिए पडिपुण्णे णेयाउए संसुद्धे सल्लगत्तणे, सिद्धिमग्गे मुत्तिमग्गे निज्जाणमग्गे निव्वाण मग्गे सव्वदुक्खप्पहीणमग्गे, अहीव एगंतदिट्ठीए, खुरो इव एगंतधाराए लोहमया इव जवा चावेयव्वा वालुयाकवले इव निरस्साए गंगा इव महानदी पडिसोयगमणाए महासमुद्दो इव भुयाहिं दुत्तरे तिक्खं चंकमियव्वं गरुयं लंबेयव्वं असिधारव्व संचरियव्वं, णो खलु कप्पति जाया! समणाणं णिग्गंथाणं आहाकम्मिए वा उद्देसिए वा कीयगडे वा ठविए वा रइए वा दुब्भिक्खभत्ते वा कंतारभत्ते वा वद्दलियाभत्ते वा गिलाणभत्ते वा मूलभोयणे वा कंदभोयणे वा फलभोयणे वा बीयभोयणे वा हरियभोयणे वा भोत्तए वा, पायए वा, तुमं च णं जाया! सुहसमुचिए णो चेव णं दुहसमुचिए, णालं सीयं, णालं उण्हं, णालं खुहं, णालं पिवासं णालं वाइय पित्तियसिंभियसन्निवाइयविविहे रोगायंके उच्चावए गामकंटए बावीसं परीसहोवसग्गे उदिण्णे सम्मं अहियासित्तए, भुंजाहि ताव जाया! माणुस्सए कामभोगे तओ पच्छा भुत्तभोगी समणस्स जाव पव्वइस्ससि ॥ ६० ॥

**भावार्थ**—इसके अनन्तर सुबाहुकुमार के माता पिता सुबाहुकुमार को जब, विषय (रूप रस आदि) के अनुकूल सामान्यवचनों से विशेष वचनों से, सम्बोधन वचनों से, विज्ञान वचनों से सामान्यरूप से, विशेषरूप से और सम्बोधन रूप समझाने रूप वचनों से न समझा सके तब विषयों के प्रतिकूल, संयम में भय और उद्वेग पैदा करनेवाले वचनों से इस तरह बोले—

बेटा! यह निर्ग्रन्थ प्रवचन सत्य सब में प्रधान अद्वितीय या केवली

कायर और कापुरुष ( नीच पुरुष ) का इस लोक सम्बन्धी लालसाओं से बंधे हुए लोगों को और परलोक के सुख की परवाह न करने वालों को कठिन है । किन्तु मेरे जैसे धीर निश्चित व्यवसाय वालों का—कर्म वीरों को—इसका पालन करना क्या कठिन है? इसलिए हे माता पिता! आपकी आज्ञा लेकर श्रमण भगवान् महावीर के समीप (यावत्) दीक्षा लेना चाहता हूं ॥ १ ॥

मूलम्— तते णं त सुबाहुकुमारं अम्मापियरो जाहे नो संचाएंति बहूहिं विसयाणुलोमाहि य विसयपडिकूलाहि य आघवणाहि य पण्णवणाहि य सण्णवणाहि य विन्नवणाहि य आघवित्तए वा पण्णवित्तए वा सण्णवित्तए वा विण्णवित्तए वा, ताहे अकामए चेव सुबाहुकुमारं एवं वयासी—इच्छामो ताव जाया! एगदिवसमवि ते रायसिरिं पासित्तए।

तते णं से सुबाहुकुमारे अम्मापियरमणुवत्तमाणे तुसिणीए संचिट्ठति। तते णं से अदीणसत्तू राया कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एवं वयासी—खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया! सुबाहुस्स कुमारस्स महत्थं महग्घं महरिहं विउलं रायाभिसेयं उवट्ठवेह। तते णं ते कोडुंबियपुरिसा जाव ते वि तहेव उवट्ठवेन्ति। तए णं से अदीणसत्तू राया बहूहिं गणणायगदंडणायगेहि य जाव संपरिवुडे सुबाहुकुमारं अट्ठसएणं सोवण्णियाणं कलसाणं १ एवं रुप्पमयाणं कलसाणं २ सुवण्णरुप्पमयाणं कलसाणं ३ मणिमयाणं कलसाणं ४ सुवण्णमणिमयाणं कलसाणं ५ रुप्पमणिमयाणं कलसाणं ६ सुवण्णरुप्पमणिमयाणं कलसाणं ७ भोमेज्जाणं कलसाणं ८ सव्वोदएहिं सव्वमट्टियाहिं सव्वपुप्फेहिं सव्वगंधेहिं सव्वमल्लेहिं सव्वोसहिहि य सिद्धत्थएहि य सव्विड्ढीए सव्वजुतीए

सव्वबलेण जाव दुदुभिनिग्घोसणादितरवेण महया महया रायाभिसेएण अभिसिंचति, अभिसिंचित्ता करयल जाव कट्टु एव वयासी—जय २ नंदा! जय २ भद्दा! जय नंदा! भद्द ते, अजिय जिणाहि जिय च पालियाहि, जियमज्झे वसाहि, अजिय जिणाहि सत्तुपक्ख, जिय च पालेहि मित्तपक्ख, जाव भरहो इव मणुयाण, हत्थिसीसस्स णगरस्स अन्नेसिं च बहूण गामागरनगरजावसन्निवेसाण आहे वच जाव विहराहि त्तिकट्टु जय जय सद्द पउजंति ॥ ६२ ॥

**भावार्थ**— जब के अनन्तर माता पिता जब सुबाहुकुमार को विषयों के अनुकूल और प्रतिकूल बहुत से सामान्य वचनों विशेष वचनों सम्बोधन वचनों तथा विनय वचनों से न समझा सके, तब निराश होकर सुबाहुकुमार से कहने लगे— हे पुत्र! हम कम से कम एक दिन भी तुम्हें पहले राज्यलक्ष्मी भोगते हुए सिंहासनासीन देखना चाहते हैं। जब सुबाहुकुमार माता पिता के कथन को मानकर चुप हो रहा, तब राजा अदीनशत्रु ने सबको को बुलाया। उन्हें बुलाकर कहा —भो देवानुप्रिय! महान् कार्यों में काम आने वाले बहुमूल्य तथा महान् पुरुषों के योग्य (अथवा महान् पुरुषों द्वारा पूज्य) राज्याभिषेक की सामग्री तैयार करो। सेवकों ने भी (यावत्) उसी प्रकार सब सामग्री तैयार की। तदनन्तर बहुत से गणनायकों तथा दण्डनायकों—अर्थात् राजकर्मचारियों— से (यावत्) घिरे हुए महाराज अदीनशत्रु ने एक सौ आठ सोने के कलश, एक सौ आठ चांदी के कलश एक सौ आठ सोने चांदी के— दोनों को मिला कर बनाए हुए— एक सौ आठ मणियों के, एक सौ आठ मणियों से जड़े हुए सोने के, एक सौ आठ मणियों से जड़े हुए चांदी के, एक सौ आठ मणियों से जड़े हुए सोने चांदी के और एक सौ आठ मिट्टी के कलशों में भरे हुए सब नदियों के जल से सब नदियों की मिट्टी से सब तीर्थों के

फूलों से, मब तीर्थों की सुगधित चीजों से, मब तीर्थों की मालाओं से, मब औषधियों से, सरसों आदि से समस्त आभूषण आदि ऋद्धियों से मव कान्ति युक्त पदार्थों से, ममस्त सेना द्वारा (यावत्) दन्दुभि आदि बाजों के घनघोर शब्द से महान महान राज्याभिषेक किया। अभिषेक कर चुकने पर, मब लोगों ने हाथ जोडकर (यावत) इस प्रकार कहना शुरू किया— हे ममृद्ध! तेरी जय हो! जय हो! हे कल्याणकर! तेरी जय हो! जय हो! हे आनन्द देनवाले तेरा कल्याण हो! जय हो! नहीं जीते हुओं पर विजय प्राप्त करो। जीते हुओं का भलीभाति पालन करो। कुलाचार का पालन वाले कुटुम्बियों में निवास करो। नहीं जीते हुओं को जीतो, जीते हुए शत्रुओं का मित्र के ममान पालन करो। जैसेकि मनुष्यों का भरत चक्रवर्ती ने पालन किया था। हस्तिशीर्ष नगर का तथा इस के सिवाय और और गाव, आकर (यावत) मन्निवेश का आधिपत्य करते हुए (यावत) आनन्द से रहो। इतना कह कर फिर जय २ शब्द किया॥ ६२॥

मूलम्— तते ण मे सुबाहुकुमारे राया जाए, महया जाव विहरति, तए णं तस्स सुबाहुस्स रन्नो अम्मापियरो एव वयासी— भण जाया! किं दलयामो किं पयच्छामो, किंवा ते हियइच्छिए सामत्थे (मते)? तते ण से सुबाहू राया अम्मापियरो एव वयासी— इच्छामि ण अम्मयाओ! कुत्तियावणाओ रयहरण पडिग्गहग च आणिय, कासवय च सद्दावेउ। तते ण से अदीणसत्तू राया कोडुवियपुरिसे सद्दावेइ। सद्दावेत्ता एव वयासी— गच्छह ण तुब्भे देवाणुप्पिया! सिरिघराओ तिन्नि सयसहस्साइं गहाय दोहिं सय सहस्सेहिं कुत्तियावणाओ रयहरण पडिग्गहग च उवणेह, सयसहस्सेण कासवय सद्दावेह। तए ण ते कोडुंबियपुरिसा

अदीणसत्तुणा रण्णा एवं वुत्ता समाणा हट्ठतुट्ठा सिरिघराओ तिण्णि सयसहस्साइं गहाय कुत्तियावणाओ दोहिं सयसहस्सेहिं रयहरणं पडिग्गहं च उवणेंति। सयसहस्सेणं कासवयं सद्दावेंति। तते णं से कासवए तेहिं कोडुंबियपुरिसेहिं सद्दाविए समाणे हट्ठे जाव हियए ण्हाए कयबलिकम्मे कयकोउयमंगल पायच्छित्ते सुद्धप्पावेसाइं वत्थाइं मंगलाइं पवरपरिहिए अप्पमहग्घाभरणालंकियसरीरे जेणेव अदीणसत्तू राया तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता अदीणसत्तुं रायं करयलमंजलिं कट्टु एवं वयासी—संदिसह णं देवाणुप्पिया! जं मए करणिज्जं? तते णं से अदीणसत्तू राया कासवयं एवं वयासी—गच्छाहि णं तुमं देवाणुप्पिया! सुरभिणा गंधोदएणं णिक्के हत्थपाए पक्खालेह। सेयाए चउप्फालाए पोत्तीए मुहं बंधित्ता सुबाहुस्स कुमारस्स चउरंगुलवज्जे णिक्खमणपाउग्गे अग्गकेसे कप्पेहि। तते णं से कासवए अदीणसत्तुणा रण्णा एवं वुत्ते समाणे हट्ठ जाव हियए जाव पडिसुणेइ, पडिसुणेत्ता सुरभिणा गंधोदएणं हत्थपाए पक्खालेइ। पक्खालेत्ता सुद्धवत्थेण मुहं बंधइ। बंधित्ता परेण जत्तेण सुबाहुस्स कुमारस्स चउरंगुलवज्जे निक्खमणपाउग्गे अग्गकेसे कप्पेइ। तते णं तस्स सुबाहुस्स कुमारस्स माया महरिहेणं हंसलक्खणेणं पडसाडएणं अग्गकेसे पडिच्छइ। पडिच्छित्ता सुरभिणा गंधोदएणं पक्खालेइ पक्खालित्ता सरसेणं गोसीसचंदणेणं चच्चाओ दलयति दलइत्ता सेयाए पोत्तीए बंधेति। बंधित्ता रयणसमुग्गयंसि पक्खिवति पक्खिवित्ता मंजूसाए पक्खिवइ, पक्खिवित्ता हारवारिधारसिंदुवारछिन्नमुत्तावलिप्पगासाइं अंसूइं विणिम्मुयमाणी विणिम्मुयमाणी रोयमाणी

**रोयमाणी कंदमाणी कंदमाणी विलवमाणी विलवमाणी एवं वयासी— एस णं अम्हं सुबाहुस्स कुमारस्स अब्भुदएसु य उस्सवेसु य पसवेसु य तिहीसु य छणेसु य जन्नेसु य पव्वणीसु य अपच्छिमे दरिसणे भविस्सइत्ति कट्टु उसीसामूले ठवेंति ॥ ६३ ॥**

**भावार्थ—**तदनन्तर जब सुबाहुकुमार राजा होकर (यावत्) महाहिमवन्त पर्वत की तरह श्रेष्ठ होकर विचरने लगा, तब राजा सुबाहुकुमार के माता पिता बोले— पुत्र! कहो तुम्हें क्या देवें? तुम्हें क्या इष्ट है जो दिया जाय? तुम इस समय क्या चाहते हो? राजा सुबाहुकुमार माता पिता से बोले—हे माता पिता! मैं कुत्रिक दूकान (देवता से अधिष्ठित होने के कारण जहां तीन लोक की सब चीज मिल सकें उसे कुत्रिक दूकान कहते हैं) से रजोहरण और पात्र मंगवाना चाहता हूं और नाई को बुलाना चाहता हूं। तदनन्तर राजा अदीनशत्रु ने नौकरों को बुलाया और बोले—हे देवानुप्रियो! तुम जाओ और तीन लाख सिक्के खजाने से ले जाकर कुत्रिक दूकान से दो लाख से रजोहरण और पात्र ले आओ तथा एक लाख देकर नाई को बुला लाओ। सेवक लोगों ने राजा अदीनशत्रु की आज्ञा सुनकर हर्षित और सन्तुष्ट होकर खजाने से तीन लाख सिक्के लेकर, कुत्रिक दूकान पर जाकर दो लाख सिक्कों से रजोहरण और पात्र लिया तथा एक लाख सिक्के देकर नाई को बुलाया। सेवकों द्वारा बुलाए हुए नाई ने भी हर्षित और सन्तुष्ट हृदय होकर स्नान किया, कुलदेवता की पूजा की, कौतुक और मांगलिक प्रायश्चित्त (तिलक आदि) किये। राजसभा में प्रवेश करने योग्य शुद्ध मांगलिक श्रेष्ठ वस्त्र पहने, थोड़े किन्तु बहुमूल्य आभरणों से शरीर को भूषित किया, और राजा अदीनशत्रु की ओर गया। वहां जाकर, हाथ जोड़ कर राजा अदीनशत्रु से इस प्रकार बोला—हे देवानुप्रिय! आज्ञा दीजिये, जो मुझे करना

है ? राजा अदीनशत्रु ने नाइ से कहा—हे देवानुप्रिय[1] तुम जाओ और निर्मल सुगन्धित गन्धोदक से हाथ पैर साफ धोकर चार पड (पट्टी) वाले वस्त्र से मुँह बांध कर सुबाहुकुमार के दीक्षा के लायक चार अंगुल छोडकर केशों के अग्रभाग काटो। राजा अदीनशत्रु की आज्ञा सुनकर नाइ ने हर्षित (यावत्) हृदय होकर आज्ञा स्वीकार की, स्वीकार करके सुगन्ध गन्धोदक से हाथ पैर धोए। धोकर शुद्ध वस्त्र से मुह बांधा। मुँह बांधकर बडे ही यत्न से चार अंगुल छोडकर दीक्षा के योग्य, सुबाहुकुमार के केशों के अग्रभाग काटे। सुबाहुकुमार की माता ने बड़े आदमियों के योग्य, हंस जैसे सफेद या हंस के चिन्ह से शोभमान वस्त्र में उन कटे हुए केशों को रख लिए और सुगन्ध गन्धोदक से उन्हें धोया। धोकर बावन चन्दन के छींटे दिये, और उसी सफेद वस्त्र में बांधकर रत्नों के डिब्बे में रख लिए। उस डिब्बे को सदव में धर कर मोतियों की माला जल की धारा या निर्गुण्डी के फूल समान सफेद आंसू डारती हुई, रोती २ आक्रन्दन और विलाप करती हुई इस प्रकार बोली—हमें अभ्युदय के समय, उत्सव में पुत्रादि के जन्मोत्सव में तिथियों में इन्द्रादि के उत्सव के समय, पर्वों में यही दर्शन सुबाहुकुमार का अन्तिम दर्शन होगा ऐसा सोचकर उसने वह बालों की पेटी सिरहाने रख छोडी ॥ ६३ ॥

**मूलम्— तते णं तस्स सुबाहुस्स कुमारस्स अम्मापियरो उत्तरावक्कमणं सीहासणं रयावेंति, रयावेत्ता सुबाहुकुमार दोचंपि तच्चंपि सेयपीयएहिं कलसेहिं ण्हावेंति, ण्हावेत्ता पम्हलसुउमालाए गंधकासाइयाए गायाइं लूहेंति, लूहित्ता सरसेण गोसीसचंदणेण गायाइं अणुलिंपंति। अणुलिंपित्ता नासानीसासवायवोज्झं जाव हंसलक्खणपडगसाडगं नियंसेंति। नियंसित्ता हारं पिणद्धंति, पिणद्धित्ता अद्धहारं पिणद्धंति, पिणद्धित्ता एवं एगावलिं मुत्तावलिं कणगावलिं**

रयणावलिं पालंब पायपलंब कडगाइं तुडिगाइं केऊराइं अंगयाइं दस मुद्दियाणंतयं कडिसुत्तयं कुंडलाइं चूडामणिं रयणुक्कडं मउडं पिणद्धेति, पिणद्धित्ता दिव्वं सुमणदामं पिणद्धेति, पिणद्धित्ता दद्दरमलयसुगंधिए गंधे पिणद्धेति। तते णं सुबाहुकुमारं गंथिमवेढिमपूरिमसंघाइमेणं चउव्विहेणं मल्लेणं कप्परुक्खगं पि व अलंकियविभूसियं करेंति। तते णं से अदीणसत्तू राया कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एवं वयासी — खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया! अणेगखंभसयसन्निविट्ठं लीलट्ठियसालभंजियागं ईहामिय-उसभतुरगनरमगरविहगवालगकिन्नररुरुसरभचमरकुंजरवणलयपउमलयभत्तिचित्तं घंटावलिमहुरमणहरसरं सुभकंतदरिसणिज्जं णिउणोवचियमिसिमिसिंतमणिरयणघंटियाजालपरिक्खित्तं अब्भुग्गयवइरवेइयापरिगयाभिरामं विज्जाहरजमलजंतजुत्तं पि व अच्चीसहस्समालणीयं रूवगसहस्सकलियं भिसमाणं भिब्भिसमाणं चक्खुल्लोयणलेस्सं सुहफासं सस्सिरीयरूवं सिग्घं तुरियं चवलं वेइयं पुरिससहस्सवाहिणिं सीयं उवट्ठवेह। तते णं ते कोडुंबियपुरिसा हट्ठतुट्ठ जाव उवट्ठावेंति। तते णं से सुबाहुकुमारे सीयं दुरूहइ, दुरूहित्ता सीहासणवरगते पुरत्थाभिमुहे सन्निसन्ने ॥ ६४ ॥

**भावार्थ**—तदनन्तर, सुबाहुकुमार के माता पिता ने उत्तर दिशा में एक सिंहासन रखवाया। पश्चात् सुबाहुकुमार को उस पर बैठा कर दो तीन बार सफेद और पीले (चांदी सोने के) कलशों से स्नान कराया। स्नान करा चुकने पर रूँएदार मुलायम सुगंधित गंधकाषाय वस्त्र से शरीर पोंछा। शरीर पोंछकर सरस बावना चन्दन का लेप किया। लेप करके

नाक के नि श्वास की हवा से उडने वाला—बहुत पतला—(यावत्) हंस जैसा स्वच्छ वस्त्र पहनाया। पहनाकर, हार (अठारह लड़ों का) और अर्ध हार पहनाया, तथा एकावलि मुक्तावलि कनकावलि रत्नावलि हार पहनाए। पैरों तक लटकने वाला लम्बा हार, कड़े तुटिका(बाहु रक्षिका) भुजबन्द दशों अंगुलियों में दश मुद्रिकाएँ, करधनी कुंडल चूड़ामणि (मस्तक में लगाने का रत्न) और रत्न से जड़ा हुआ मुकुट पहनाया। पहनाकर दिव्य फूलमाला पहनाई। पहनाकर मलयपर्वत पर पैदा होने वाले चन्दन का अतर लगाया, तदनन्तर सुबाहुकुमार का सूत आदि में गूंथी हुई फूलों की गेंद सरीखी गूथ कर लपेटी हुई, पूरिम और फूलों के परस्पर संयोग से बनाई हुई इन चार तरह की मालाओं से कल्पवृक्ष की तरह अलंकृत और विभूषित किया। पश्चात् राजा अदीनशत्रु ने नौकरों को बुलाकर कहा—भो देवानुप्रियो! सैकड़ों खंभों वाली, लीला करती हुई अनेक पुतलियों से युक्त मढ़िया बैल घोड़ा नर मगर पक्षी सर्प किन्नर रुरु (मृग विशेष) अष्टापद चमरी गाय हाथी वनलता और पद्म लता के चिन्हों से शोभमान छोटी २ घंटियों के मनोहर शब्दों से शब्दायमान, शुभ सुन्दर और दर्शनीय, चतुर कारीगरों द्वारा बनाई हुई, देदीप्यमान मणि और रत्नों की बनी हुई घंटियों के समुदाय से व्याप्त, वज्र की बनी हुई ऊँची वेदी से युक्त, मनोहर, विद्याधरों की चलती फिरती पुतलियों के जोड़े से युक्त (चित्रित) हजार किरणों वाली और पूरा सत्तर हजार रूपों से युक्त, चमकती हुई—खूब चमकती हुई, अतिशय दर्शनीय, सुन्दर रूप वाली, सश्रीक रूप वाली, शीघ्र—अति शीघ्र चलने वाली, चपल, वेग वाली एक हजार पुरुषों से उठाई जाने वाली पालकी ले आओ। यह सुनकर सेवक लोग हर्षित और सन्तुष्ट होकर (यावत्) पालकी ले आये। सुबाहुकुमार उस पर चढ़ कर पूर्व दिशा की ओर मुँह करके वेदी पर बैठ गया॥ ६४॥

मूलम्—तते णं तस्स सुबाहुस्स कुमारस्स माया ण्हाया कयबलिकम्मा जाव अप्पमहग्घाभरणालंकियसरीरा सीयं दुरूहइ, दुरूहित्ता सुबाहुस्स कुमारस्स दाहिणे पासे भद्दासणंसि निसीयइ। तते णं तस्स सुबाहुस्स कुमारस्स अंबधाई रयहरणं पडिग्गहगं च गहाय सीयं दुरूहइ, दुरूहित्ता सुबाहुस्स कुमारस्स वामे पासे भद्दासणंसि निसीयति। तते णं तस्स सुबाहुस्स कुमारस्स पिट्ठओ एगा वरतरुणी सिंगारागारचारुवेसा संगयगयहसियभणियचिट्ठियविलाससंलावुल्लावनिउणजुत्तोवयारकुसला आमेलगजमलजुयलवट्टियअब्भुन्नयपीणरतियसंठियपयोहरा हिमरययकुंदेंदुपगासं सकोरेंटमल्लदामधवलं आयवत्तं गहाय सलीलं ओहारेमाणी ओहारेमाणी चिट्ठइ। तते णं तस्स सुबाहुस्स कुमारस्स दुवे वरतरुणीओ सिंगारागारचारुवेसाओ जाव कुसलाओ सीयं दुरूहंति, दुरूहित्ता सुबाहुस्स कुमारस्स उभओ पासं नाणामणिकणगरयणमहरिहतवणिज्जुज्जलविचित्तदंडाओ चिल्लियाओ सुहुमवरदीहवालाओ संखकुंददगरयअमयमहियफेणपुंजसन्निगासाओ चामराओ गहाय सलीलं ओहारेमाणीओ ओहारेमाणीओ चिट्ठंति। तते णं तस्स सुबाहुस्स कुमारस्स एगा वरतरुणी सिंगारा जाव कुसला सीयं जाव दुरूहति, दुरूहित्ता सुबाहुस्स कुमारस्स पुरओ पुरत्थिमेणं चंदप्पभवइरवेरुलियविमलदंडं तालियंटं गहाय चिट्ठति। तते णं तस्स सुबाहुस्स कुमारस्स एगा वरतरुणी जाव सुरूवा सीयं दुरूहति। दुरूहित्ता सुबाहुस्स कुमारस्स पुव्वदक्खिणेणं सेयं रययामयं विमलसलिलपुन्नं मत्तगयमहामुहाकितिसमाणं भिंगारं गहाय चिट्ठइ, तते णं तस्स सुबाहुस्स कुमारस्स पिया

कोडुंबियपुरिसे सद्दावेति, सद्दावेत्ता एवं वदासी खिप्पा मेव भो देवाणुप्पिया! सरिसयाणं सरित्तयाणं सरिव्वयाणं एगाभरणगहियनिज्जोयाणं कोडुंबियवरतरुणाणं सहस्सं सद्दावेह। जाव सद्दावेंति, तते णं ते कोडुंबियवरतरुणपुरिसा अदीणसत्तुस्स रन्नो कोडुंबियपुरिसेहिं सद्दाविया समाणा हट्ठा ण्हाया जाव एगाभरणगहियनिज्जोया जेणामेव अदीणसत्तू राया तेणामेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता अदीणसत्तु रायं एवं वदासी— संदिसह णं देवाणुप्पिया! जं अम्हेहिं करणिज्जं। तते णं से अदीणसत्तू राया ते कोडुंबियवरतरुणसहस्सं एवं वयासी-गच्छह णं देवाणुप्पिया! सुबाहुस्स कुमारस्स पुरिससहस्सवाहिणिं सीयं परिवहेह। तते णं ते कोडुंबियवरतरुणसहस्सं अदीणसत्तुणा रण्णा एवं वुत्तं संतं हट्ठतुट्ठ सुबाहुस्स कुमारस्स पुरिससहस्सवाहिणिं सीयं परिवहइ। तए णं सुबाहुस्स कुमारस्स पुरिससहस्सवाहिणिं सीयं दुरूढस्स समाणस्स इमे अट्ठट्ठमंगलयातप्पढमयाए पुरओ अहाणुपुव्वीए संपत्थिया। तं जहा— सोत्थिय १ सिरिवच्छ २ णंदियावत्त ३ वद्धमाणग ४ भद्दासण ५ कलस ६ मच्छ ७ दप्पण ८, जाव बहवे अत्थत्थिया जाव ताहिं इट्ठाहिं जाव अनवरयं अभिणंदता य अभिथुणंता य एवं वयासी— जय जय नंदा! जय जय भद्दा! जय नंदा! भद्दं ते, अजियाइं जिणाहि इंदियाइं, जियं च पालेहि समणधम्मं, जियविग्घो वि य वसाहि तं देव! सिद्धिमज्झे, णिहणाहि रागदोसमल्ले, तवेण धितिधणियबद्धकच्छे मद्दाहि य अट्ठकम्मसत्तू झाणेणं उत्तमेणं सुक्केणं, अप्पमत्ते पावय, वितिमिरमणुत्तरं केवलं नाणं, गच्छय परमपयं सासयं च अयलं

हत्ता परीसहचमू ण, अभीओ परीसहोवसग्गाण धम्मे ते अविग्ध भवउत्ति कट्टु पुणो पुणो मगलजयजयसद्द पउ— जति। तते ण से सुबाहुकुमारे हत्थिसीसस्स नगरस्स मज्झ-मज्झेण निग्गच्छइ । निग्गच्छित्ता जेणेव पुप्फकरंडे उज्जाणे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता पुरिससहस्सवाहिणीओ सीयाओ पच्चोरुहइ । तते ण तस्स सुबाहुस्स कुमारस्स अम्मापियरो सुबाहु कुमार पुरओ कट्टु जेणामेव समणे भगव महावीर तेणामेव उवागच्छइ । उवागच्छित्ता समण भगव महावीर तिक्खुत्तो आयाहिण पयाहिण करेति, करेत्ता वदति नमसति, वदित्ता णमसित्ता एव वयासी—॥ ६५ ॥

**भावार्थ—** तदनन्तर, सुबाहुकुमार की माता स्नान करके गृहदेवता की पूजा करके (यावत) थोड़े किन्तु बहुमूल्य वाले अलकारों से शरीर को अलकृत करके पालकी पर सवार हुई। सवार होकर सुबाहुकुमार की दाहिनी ओर, भद्रासन पर बैठ गई। इसके बाद सुबाहुकुमार को दूध पिलाने वाली धाय रजोहरण और पात्र लेकर पालकी पर चढ़ी और सुबाहु कुमार की बाई ओर भद्रासन पर बैठी। पश्चात् एक उत्तम तरुणी (जवान स्त्री) सुबाहुकुमार के पीछे बैठी । वह ऐसी जान पड़ती, मानो सिंगार का आगार ही हो। उसका वेष सुन्दर था। वह चलने में, हँसने में, बोलने में, चेष्टा करने में, विलास (नत्र के विकार) में, सलाप और उल्लाप में निपुण, तथा लोकव्यवहार में चतुर थी। उसके कुछ २ आपस में मिले हुए, समश्रेणी में रहे हुए दोनों स्तन गोल ऊँचे मोटे सुख देने वाले और विशेष (सुन्दर) आकार वाले थे। वह युवती बर्फ चांदी कुन्द के पुष्प या चन्द्रमा के समान कान्ति वाले कोरटवृक्ष के फूलों के गुच्छों की मालाओं से युक्त, सफेद छत्र को लेकर, उसे लीला पूर्वक धारण किये हुए थी। इसके अनन्तर सिंगार के भंडार के समान सुन्दर वेष वाली दो तरुण स्त्रियाँ—

पालकी पर चढ़कर सुबाहुकुमार की दोनों ओर आकर, नाना मणि सुवर्ण रत्न और बहुमूल्य लाल मान से युक्त उज्ज्वल डंडी वाले, तथा चमत्मा पैदा करने वाले, चमकदार, पतले उत्तम और लम्बे बालों वाले, शंख कुन्द के फूल पानी की छोटी सी बूंद (कण) मथे हुए अमृत के फेन के पुञ्ज की तरह सफेद चॅवरों को लेकर, लीला पूर्वक ढारती हुई ठहरीं। पश्चात् सिंगार के आगार की तरह — खूब सिंगार किये हुए — यावत् कुशल एक उत्तम तरुणी (यावत्) सुबाहुकुमार के समीप पालकी पर सवार हुई। सवार होकर सुबाहुकुमार के सामने, पूर्व दिशा में खड़ी होकर, चन्द्रकान्त मणि और वैडूर्य मणि से जड़े हुए डंडे वाले बीजने को लेकर ठहरी। फिर सिंगार किये हुए एक और सुन्दर तरुणी सुबाहुकुमार के समीप पालकी पर चढ़कर, सुबाहुकुमार से पूर्व दिशा — आग्नेय — दिशा में खड़ी होकर, निर्मल जल से भरे हुए, मदोन्मत्त हाथी के बड़े मुँह के जैसे आकार वाले चांदी के भृंगार (झारी) को लेकर ठहरी। इसके बाद सुबाहुकुमार के पिता राजा अदीनशत्रु ने सेवकों को बुला कर कहा — हे देवानुप्रिय! समान, समान रंग के, समान उम्र के, समान पोशाक (या आभरण) वाले एक हजार जवान सेवकों को शीघ्र बुला लाओ। (यावत्) सेवकों ने उन्हें बुलाया। तब वे अच्छे एक हजार जवान पुरुष राजा अदीनशत्रु के आदमियों के बुलाने पर हर्षित होकर, स्नान करके (यावत्) एक ही तरीके आभरणों को धारण करके, जिस ओर महाराज अदीनशत्रु थे, उसी ओर आये। आकर महाराज अदीनशत्रु से बोले — हे देवानुप्रिय! आज्ञा दीजिए, हम क्या करना है? राजा अदीनशत्रु ने उन एक हजार तरुण सेवकों से कहा — देवानुप्रिय! जाओ, पुरुषसहस्रवाहिनी (एक हजार आदमियों से चलाई जाने वाली) सुबाहुकुमार की पालकी को उठाओ। उन एक हजार आदमियों ने अदीनशत्रु राजा की आज्ञा सुनकर हर्षित और सन्तुष्ट होकर, सुबाहुकुमार की पुरुषसहस्रवाहिनी पालकी उठाई।

कुमुदेति वा पके जाए, जले सवड्ढिए नावलिप्पइ पकरएण, नोवलिप्पइ जलरएण एवामेव सुबाहुकुमारे कामेसु जाए, भोगेसु सवड्ढिए, णोवलिप्पइ कामरएण णोवलिप्पइ भोगरएण, एस ण देवाणुप्पिया! ससारभउव्विग्गे, भीए जम्मण-जरामरणाण, इच्छइ देवाणुप्पियाण अतिए मुडे भवित्ता आगाराओ अणगारिय पव्वइत्तए। अम्हे ण देवाणुप्पियाण सिस्सभिक्ख दलयामो। पडिच्छतु ण तुम्हे देवाणुप्पिया! सिस्सभिक्ख। तते ण समणे भगव महावीरे सुबाहुस्स कुमारस्स अम्मापिऊहिं एव वुत्ते समाणे एयमट्ठ सम्म पडिसुणेइ। तते ण से सुबाहुकुमारे समणस्स भगवओ महावीरस्स अतियाओ उत्तरपुरत्थिम दिसीभाग अवक्कमति, अवक्कमित्ता सयमेव आभरणमल्लालकार उम्मुयइ। तते ण से सुबाहुकुमारस्स माया हसलक्खणेण पडगसाडएण आभरणमल्लालकार पडिच्छइ,पडिच्छित्ता हारवारिधार-सिंदुवारछिन्नमुत्तावलिप्पगासाइ असूणि विणिम्मुयमाणी विणिम्मुयमाणी, रोयमाणी रोयमाणी, कदमाणी कदमाणी, विलवमाणी विलवमाणी, एव वयासी— जतियव्व जाया! घडियव्व जाया! परिक्कामियव्व जाया! अस्सि च ण अट्ठे णो पमाएयव्व। अम्ह पि ण एवमेव मग्गे भवउ त्ति कट्टु सुबाहुस्स कुमारस्स अम्मापियरो समण भगव महावीर वदति नमसति,वदित्ता नमसित्ता जामेव दिसिं पाउब्भूया तामेव दिसिं पडिगया। तते ण से सुबाहुकुमारे पचमुट्ठिय लोय करेइ, करेत्ता जेणामेव समणे भगव महावीर तेणामेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समण भगव महावीर तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिण करेइ, करेत्ता वदइ नमसइ, वदित्ता नमसित्ता एव वयासी— ॥ ६६ ॥

**भावार्थ—** हे देवानुप्रिय! यह सुबाहुकुमार हमारा इकलौता पुत्र है। यह इष्ट कान्त प्रिय मनोज्ञ मनो म विश्वासपात्र जीवन का श्वास तथा हृदय को आनन्द देने वाला है। ऊमर के फल की नाई देखना तो दूर रहा, इसका नाम सुनना भी दुर्लभ है। जैसे उत्पल कमल (सूर्य विकाशी) कुमुद (चन्द्र विकाशी) कीचड़ में उत्पन्न होकर और जल में बढ़ कर भी जैसे उनमें लिप्त नहीं होते, उसी प्रकार सुबाहुकुमार ने कामों में ही जन्म लिया है, भोगोपभोगों में यह बड़ा हुआ है (इसका लालन पालन हुआ है) किन्तु यह काम और भोगोपभोगों में लिप्त नहीं हुआ है। हे देवानुप्रिय! यह संसार से उद्विग्न और जन्म जरा मरण से डरा हुआ है। इसलिए आपके पास मुण्डित होकर गृहस्थाश्रम त्यागकर मुनि दीक्षा लेना चाहता है, और हम आपको शिष्य की भिक्षा देते हैं। हे देवानुप्रिय! आप शिष्य भिक्षा का स्वीकार कीजिये। सुबाहुकुमार के माता पिता के इस कथन को श्रमण भगवान् महावीर ने अच्छी तरह सुना। सुबाहुकुमार श्रमण भगवान् महावीर के समीप ईशान कोण में आया। वहां आकर अपने आप आभरण फूलमाला और अलंकारों को उतार दिया, और सुबाहुकुमार की माता ने हंस के जैसे स्वच्छ वस्त्र में उन्हें ले लिया। तथा हार जल की धारा सिंदुवार (निगुंडी) के फूलों या हार से टूटे हुए मोतियों की तरह आंसू डालती २ रोती २ क्रंदन करती २ विलाप करती २ बोली—हे पुत्र! संयम में यत्न करना। हे पुत्र! अप्राप्त वस्तु (गुण) का प्राप्त करना। हे पुत्र! संयम में पराक्रम करना और इस विषय में प्रमाद न करना। हमारा भी यही मार्ग होवे। इस प्रकार कह कर सुबाहुकुमार के माता पिता श्रमण भगवान् महावीर को वन्दना नमस्कार करके, जिस ओर से आये थे, उसी ओर वापस लौट गये। उनके लौट जाने पर, सुबाहुकुमार ने अपने हाथों से पंचमुष्टि लोच करके, जिधर श्रमण भगवान् महावीर थे, उसी तरफ जाकर श्रमण भगवान् [illegible] प्रदक्षिणा करके वन्दना,

और नमस्कार किया। वन्दना नमस्कार करके बोला- --॥ ६६ ॥

**मूलम्—** आलित्ते णं भंते! लोए, पलित्ते णं भंते! लोए, आलित्तपलित्ते णं भंते! लोए जराए मरणेण य, से जहा नामए केई गाहावई आगारंसि झियायमाणंसि जे तत्थ भंडे भवति अप्पभारे मोल्लगुरुए तं गहाय आयाए एगंतं अवक्कमइ, एस मे णित्थारिए समाणे पच्छा पुरा हियाए सुहाए खेमाए निस्सेसाए आणुगामियत्ताए भविस्सइ, एवामेव ममवि एगे आया भंडे इट्ठे कंते पिए मणुन्ने मणामे एस मे नित्थारिए समाणे संसारवोच्छेयकरे भविस्सइ, तं इच्छामि णं देवाणुप्पिएहिं सयमेव पव्वावियं, सयमेव मुंडावियं सेहावियं सिक्खावियं सयमेव आयारगोयरविणयवेणइयचरणकरणजायामायावत्तियं धम्ममाइक्खियं। तते णं समणे भगवं महावीरे सुबाहुकुमारं सयमेव पव्वावेइ, सयमेव मुंडावेइ, सयमेव आयार जाव धम्ममाइक्खइ। एवं देवाणुप्पिया! गंतव्वं चिट्ठियव्वं निसीयव्वं तुयट्टियव्वं भुंजियव्वं भासियव्वं एवं उट्ठाए उट्ठाय पाणेहिं भूतेहिं जीवेहिं सत्तेहिं संजमेण संजमियव्वं, अस्सिं च णं अट्ठे णो पमाएयव्वं। तते णं से सुबाहुकुमारे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए इमं एयारूवं धम्मियं उवएसं निसम्म सम्मं पडिवज्जइ। तमाणाए तह गच्छइ तह चिट्ठइ जाव उट्ठाए उट्ठाय पाणेहिं भूएहिं जीवेहिं सत्तेहिं संजमेइ ॥ ६७ ॥

**भावार्थ—** हे भगवन्! यह संसार जरा और मरण रूपी अग्नि से जल रहा है, खूब जल रहा है और हे भगवन्! चारों ओर से अत्यन्त जल

१ ज्ञाता० अ० १ प ६० पृ २ प १२ तक

रहा है। जैसे कोई सेठ, घर मे आग लगने पर, घर मे रक्खे हुए थोड़े बोझे वाली किन्तु बहुमूल्य चीजों को लेकर स्वयं एकान्त में जाकर सोचता है— कि मेरे द्वारा निकाला हुई ये चीजें इस लोक में, आगामी काल में हित के लिए, सुख के लिए क्षेम के लिए निश्रेयस (कल्याण) के लिए होगीं, इसी प्रकार मेरा आत्मा भी एक भाण्ड (उपकरण) है, यही इष्ट कान्त प्रिय मनोज्ञ और मनोरम है। मै आत्मा को जलते हुए संसार मे निकालूंगा, तो यह संसार (कर्म सहित अवस्था) का नाश करने वाला होगा। इसलिए मै आप से स्वयं दीक्षा लेना, स्वयं मुण्डित होना, स्वयं प्रतिलेखना आदि क्रियाओं का ग्रहण करना, स्वयं सूत्र अर्थ सीखना, तथा आचार गोचरी विनय विनय का फल कर्म क्षय आदि, चारित्र, करण (आहारादि की शुद्धि आदि) संयम की यात्रा, मात्रा (आहार आदि का परिमाण) धर्म कथा आदि वृत्ति वाले धर्म को धारण करना चाहता हूं।

इसके अनन्तर श्रमण भगवान् महावीर ने सुबाहुकुमार को स्वयं ही दीक्षा दी, स्वयमेव मुण्डित किया, स्वयमेव आचारादि धर्म की इस प्रकार शिक्षा दी— हे देवानुप्रिय! ईर्या समिति से चलना चाहिए, निर्दोष पृथिवी पर ठहरना चाहिए, पृथिवी को प्रमार्जन करके बैठना चाहिए, भुजा को तकिया बना कर, मस्तक के ऊपर एक कपड़ा बिछा कर शरीर की प्रमार्जना करके सामायिक आदि का उच्चारण करके सोना चाहिए, निर्दोष भोजन करना चाहिए, हित मित प्रिय वचन बोलना चाहिए, इस प्रकार प्रमाद और निद्रा का त्याग कर भूत (सब वनस्पति) जीव (पंचेन्द्रिय) सत्त्व (पृथ्वी पानी अग्नि और वायु) की संयम पूर्वक रक्षा करनी चाहिए। सुबाहुकुमार ने श्रमण भगवान् महावीर के समीप इस धर्मोपदेश को सुनकर सम्यक् प्रकार स्वीकार किया। वह पूर्वोक्त आज्ञानुसार ही चलता, उठता बैठता निद्रा और प्रमाद का त्याग कर के प्राण भूत जीव और सत्त्वों की रक्षा करता था॥ ६७॥

मूलम्— तते ण से सुबाहुकुमारे अणगारे जाते इरियासमिए जाव बंभचारी। तते ण से सुबाहू अणगारे समणस्स भगवओ महावीरस्स तहारूवाणं थेराणं अंतिए सामाइयमाइयाइं एक्कारसअंगाइं अहिज्जेति, अहिज्जित्ता बहूहिं चउत्थछट्ठट्ठम० जाव तवोविहाणेहिं अप्पाणं भावेत्ता बहूहिं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणित्ता मासियाए संलेहणाए अप्पाणं झूसित्ता सट्ठिभत्ताइं अणसणाए छेदित्ता आलोइयपडिक्कंते समाहिपत्ते कालमासे कालं किच्चा सोहम्मे कप्पे देवत्ताए उववण्णे। से णं ततो देवलोगाओ आउक्खएणं भवक्खएणं ठिइक्खएणं अणंतरं चयं चइत्ता माणुस्सं विग्गहं लभिहिति, लभित्ता केवलं बोहिं बुज्झिहिति, बुज्झिहित्ता तहारूवाणं थेराणं अंतिए मुंडे भवित्ता जाव पव्वइस्सति। से णं तत्थ बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणित्ता आलोइयपडिक्कंते समाहिपत्ते कालगए सणंकुमारे देवत्ताए उववन्ने। से णं ताओ देवलोगाओ तहेव माणुस्सं पव्वज्जा, तहेव महासुक्के, ताओ देवलोगाओ तहेव माणुस्सं पव्वज्जा तहेव आणाए ताओ देवलोगाओ तहेव मणुस्सं पव्वज्जा, तहेव आरणाए, ताओ देवलोगाओ तहेव माणुस्सं पव्वज्जा, तहेव सव्वट्ठसिद्धे, से णं देवलोगाओ अणंतरं चयं चइत्ता कहिं गच्छिहिति, कहिं उववज्जिहिति? गोयमा! महाविदेहे वासे जाइं इमाइं कुलाइं भवंति, अड्ढाइं दित्ताइं वित्ताइं विच्छिण्णविउलभवणसयणासणजाणवाहणाइं बहुधणबहुजातरूवरययाइं आओगपओगसंपउत्ताइं विच्छड्डियपउरभत्तपाणाइं बहुदासीदासगोमहिसगवेलगप्पभूयाइं बहुजणस्स अपरिभूयाइं तहप्पगारेसु कुलेसु पुमत्ताए पच्चायाहिति।

तए ण तस्स दारगस्स माया नवण्हं मासाणं बहुपडिपुन्नाणं सुरूवं दारयं पयाहिति, जहेव पुव्वं तहेव नेयव्वं जाव*भोग-रएणं नोवलिप्पइ। तहेव मित्तनाइनियगसयणसंबंधिपरिजणेणं, से णं तहारूवाणं थेराणं अंतिए केवलं बोहिं बुज्झिहिति। केवलं मुंडे भवित्ता आगाराओ अणगारियं पव्वइस्सति। से णं अणगारे भविस्सति, इरियासमिए जाव सुहुयहुयासणो इव तेयसा जलंते। तस्स णं भगवओ अणुत्तरेणं नाणेणं एवं दंसणेणं चरित्तेणं आलएणं विहारेणं अज्जवेणं मद्दवेणं लाघवेणं खंतीए गुत्तीए मुत्तीए अणुत्तरेणं सव्वसंजमतवसुचरियफलनिव्वाणमग्गेणं अप्पाणं भावेमाणस्स अणंते अणुत्तरे कसिणे पडिपुण्णे निरावरणे निव्वाघाए केवलवरनाणदंसणे समुप्पज्जिहिति। तते णं से भगवं अरहा जिणे केवली भविस्सइ। सदेवमणुयासुरस्स लोगस्स परियागं जाणिहिइ पासिहिइ, तं जहा— आगतिं गतिं ठितिं चवणं उववायं तक्कं पच्छाकडं पुरेकडं मणो— माणसियं खइयं भुत्तं कडं पडिसेवियं आवीकम्मं रहोकम्मं अरहा अरहस्स भागी तं तं कालं मणवयकायजोगे वट्टमाणाणं सव्वलोए सव्वजीवाणं सव्वभावे जाणमाणे पासमाणे विहरिस्सइ। तते णं से सुबाहू केवली एयारूवेणं विहारेणं विहरमाणे बहूइं वासाइं केवलिपरियागं पाउणित्ता अप्पणो आउसेसं आभोएत्ता बहूइं भत्ताइं पचक्खाइस्सइ, पचक्खाइत्ता बहूइं भत्ताइं अणसणाए छेदिस्सइ, छेदित्ता जस्सट्ठाए कीरइ नग्गभावे मुंडभावे केसलोचे बंभचेरवासे अण्हाणगं अदंतवणं अच्छत्तगं अणुवाहणगं भूमिसिज्जाओ फलहसिज्जा-

* रायप० प० १४० प० ८ में।

ओ परघरपवेसो लद्धावलद्धाइं माणावमाणाइं परेहिं हीलणाओ निंदणाओ खिंसणाओ गरहणाओ तज्जणाओ तालणाओ परिभवणाओ पव्वहणाओ उच्चावया विरूवा बावीसं परीसहोवसग्गा गामकण्टगा अहियासेज्जन्ति तमट्ठं आराहेइ, आराहित्ता चरमेहिं उस्सासनीसासेहिं सिज्झिहिइ, बुज्झिहिइ मुच्चिहिइ परिनिव्वाहिइ सव्वदुक्खाणमन्तं करेहिइ। सेवं भंते! सेवं भंते! भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदति णमंसति, वंदित्ता णमंसित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे *विहरति। एवं खलु जंबू! समणेणं जाव संपत्तेणं सुहविवागाणं पढमज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते त्ति बेमि ॥ ३८ ॥

पढमज्झयणं समत्तं।

---

**भावार्थ**—अब सुबाहुकुमार मुनि ईर्यासमिति से युक्त (यावत्) ब्रह्मचारी हुआ। तदनन्तर सुबाहुकुमार मुनि ने श्रमण भगवान् महावीर जैसे ईर्यासमिति आदि के पालनेवाले स्थविरों के समीप सामायिक आदि ग्यारह अंगों का अध्ययन किया। अध्ययन करके बहुत से चतुर्भक्त (उपवास) षष्ठभक्त (बेला) वगैरह (यावत्) नाना प्रकार के तपों द्वारा आत्मा का चिन्तन करके, बहुत वर्षों तक श्रामण्यपर्याय (मुनि अवस्था) का पालन करके एक मास की संलेखना करके आत्मचिन्तन करते हुए एक महीने का अनशन करके, आलोचना और प्रतिक्रमण करके, समाधि पूर्वक आयु पूर्ण होने पर काल करके सौधर्मकल्प में (प्रथम देवलोक में) देव होगा। तदनन्तर वह सुबाहुकुमार का जीव पहले देवलोक से आयुक्षय भवक्षय और स्थितिक्षय करके मनुष्य होगा। फिर जैनधर्म को समझकर उसी प्रकार के स्थविरों के समीप मुण्डित

---

*राय० प० २९५ प ६ तक।

होकर (यावत्) दीक्षा लेलेगा। वहां बहुत वर्षों तक साधु-पर्याय को पालकर आलोचना और प्रतिक्रमण करके समाधि-मरण करके सनत्कुमार देवलोक में देव उत्पन्न होगा। फिर वह लान्तक स्वर्ग में उसी प्रकार मनुष्य भव पाकर दीक्षा लेकर देवलोक में देव होगा। फिर उस देव लोक से उसी तरह मनुष्य भव पाकर, दीक्षा लेकर उसी तरह महाशुक्र स्वर्ग में देव होगा। उस स्वर्ग से उसी प्रकार मनुष्य होकर, दीक्षा लेकर आनत स्वर्ग में देव होगा, उस देवलोक से चयकर मनुष्य होकर, दीक्षा लेकर उसी प्रकार आरण स्वर्ग में देव होगा। उससे चयकर मनुष्य भव पाकर दीक्षा ले कर सर्वार्थसिद्धि में देव होगा। उस देवलोक से चय कर सुबाहु कहां जायगा? कहां उत्पन्न होगा? हे गौतम! महाविदेह क्षेत्र में धनादि से परिपूर्ण, प्रतापी, दानादि गुणों से प्रसिद्ध, तथा जिन के विस्तीर्ण और बहुत से भवन शयन आसन यान वाहन हैं और बहुत धन-धान्य-चांदी सोने वाले हैं, जिन के लेन देन या व्याज आदि का काम होता है, भोजन पान का बहुत दान दिया जाता है, बहुत से दासी दास गाय भैंस बैल आदि हैं, बहुत आदमी भी जिनका अपमान नहीं कर सकते—ऐसे कुलों में से एक पुरुष रूप से जन्म लेगा। तदनन्तर उस बालक की माता पुत्र को बहोत्तर (यावत्) सुबाहुकुमार का प्रसङ्ग करेगी। बाल्य आदि का वर्णन जैसा पहले किया था, उसी प्रकार समझ लेना चाहिए। (यावत्) वह बालक भोग-रज से लिप्त नहीं होगा। पहले वह अनुसार मित्र जाति स्वजन सम्बन्धी और नौकर चाकरों में भी गाढ़ित नहीं होगा। तदनन्तर वह सुबाहुकुमार का जीव उसी प्रकार के स्थविरों के समीप केवलि-धर्म को समझकर, मुण्ड होकर गृहस्थावस्था को त्यागकर मुनि-वेश में दीक्षित होगा। वह अनगार होगा। ईर्या आदि समितियों से युक्त होकर (यावत्) ब्रह्मचारी होगा। तरह जाज्वल्यमान अग्नि की तरह तेज से देदीप्यमान होकर

सब—सहन किये जाते हैं, उस पदार्थ (मोक्ष) का आराधन करेंगे, आराधन करके अन्तिम श्वास लेकर सिद्ध ( कृतकृत्य होंगे, बुद्ध होंगे, आठ कर्मों से मुक्त होंगे, निर्वाण ( कर्म रूप अग्नि के शान्त होने से शान्त ) प्राप्त करेंगे और सब दुखों का अन्त करेंगे । गौतम गणधर बोले—हे भगवन्! ऐसा ही है ऐसा ही है । इतना कहकर श्रमण भगवान महावीर को वन्दना और नमस्कार करके संयम और तप से आत्मा की भावना करते हुए विचार करने लगे ।

हे जम्बू! इस प्रकार श्रमण भगवान महावीर ने ( यावत ) मोक्ष जाते हुए सुखविपाक के प्रथम अध्ययन का यह अर्थ प्ररूपण किया है ।

मैंने ( सुधर्मा स्वामी ने ) जैसा श्री श्रमण भगवान् महावीर से सुना है, वैसा कहा है ॥ ८ ॥

—⁂—

इस प्रकार सुखविपाकसूत्र में सुबाहुकुमार
अनगार का वर्णन करने वाला
प्रथम अध्ययन
समाप्त
हुआ

## द्वितीय अध्ययन।

मूलम्— बिनियरस ण उक्खेवो—

एव खलु जम्बू! तेणं कालेणं तेणं समएणं उसभपुरे णगरे थूभकरंडउज्जाणे, धनो जक्खो, धणावहो राया, सरस्सई देवी, सुमिणदसणं, कहणं, जम्मणं बालत्तणं कलाओ य, जुव्वणे, पाणिग्गहणं दाओ पासाद ० भोगा य जहा सुबाहुस्स। णवरं भद्दनंदी कुमारे सिरिदेवीपामोक्खाणं पचसया, सामी समोसरणं सावगधम्मं पुव्वभवपुच्छा— महाविदेहे वासे पुंडरीकिणी णगरी विजयते कुमारे, जुगबाहू तित्थयरं पडिलाभिए माणुस्साउए निबद्धे इह उप्पन्ने सेसं जहा सुबाहुस्स जाव महाविदेहे वासे सिज्झिहिति बुज्झिहिति मुच्चिहिति परिनिव्वाहिति, सव्वदुक्खाणमंत करेहिति॥२॥

भावार्थ— अब दूसरे अध्ययन का अर्थ कहते हैं—

हे जम्बू! उस काल में उस समय में ऋषभपुर नामक नगर था। उसमें स्तूपकरंड उद्यान था। वहां धन्य नामक यक्ष था। धनावह नामक राजा था। सरस्वती रानी थी। स्वप्न का देखना, स्वप्न का राजा से कहना, पुत्र का जन्म होना, बाल्यावस्था, ७२ कलाओं का अध्ययन करना, यौवन अवस्था का वर्णन, पाच सौ स्त्रियों से पाणिग्रहण, दहेज महल महला आदि का देना, भोग भोगना आदि सुबाहुकुमार के समान जानना चाहिए। विशेष यह है कि नाम भद्रनन्दिकुमार था। उसके श्रीदेवी वगैरह पाच सौ स्त्रियां थीं। भगवान् महावीर समवशरण सहित पधारे। उनके समीप उसने श्रावक धर्म स्वीकार किया। गौतम स्वामी ने भद्रनन्दिकुमार के पूर्वभव पूछे। भगवान् महावीर ने कहा— महाविदेह क्षेत्र में पुंडरीकिणी नगरी थी। विजयकुमार नाम था। युगबाहु तीर्थंकर से प्रतिबोधित होकर, मनुष्य आयु बांधा था। फिर यहां (ऋषभपुर नगर में) उत्पन्न हुआ।

शेष सब कथा सुबाहुकुमार समान जानना। (यावत्) महाविदेह क्षेत्र में सिद्ध होगा, बुद्ध होगा, मुक्त होगा, निर्वाण प्राप्त करेगा और सर्व दुःखों का अन्त करेगा ॥ २ ॥

दूसरा अध्ययन समाप्त हुआ ॥

## तृतीय अध्ययन

**मूलम्— तचस्स उक्खेवो—**

**वीरपुर णगर, मणोरम उज्जाणं, वीरकण्हमित्ते राया, सिरीदेवी, सुजाए कुमारे, बलसिरीपामोक्खा पंचसयकन्ना, सामी समोसरणं, पुव्वभवपुच्छा— उसुयारे नयरे उसभदत्ते गाहावई पुप्फदत्ते अणगारे पडिलाभिए मणुस्साउसे निबद्धे। इह उप्पन्ने जाव महाविदेहवासे सिज्झिहिति ॥ ३ ॥**

**भावार्थ—** वीरपुर नगर में मनोरम नाम का उद्यान था। नगर का राजा वीरकृष्णमित्र और श्री नामकी रानी थी। उनका सुजात नामका कुमार था। बलश्री प्रमुख पांच सौ स्त्रियां थीं। वहां भगवान् महावीर स्वामी का समवसरण आया। गौतम स्वामी ने सुजातकुमार के पूर्वभव पूछे। भगवान महावीर ने कहा— इषुकार नगर में ऋषभदत्त गाथापति ने पुष्पदत्त अनगार को प्रतिलाभ दिया था। वहां मनुष्य आयु का बंध करके यहां उत्पन्न हुआ है। (यावत्) महाविदेह क्षेत्र में सिद्ध होगा ॥ ३ ॥

॥ तीसरा अध्ययन समाप्त हुआ ॥

## चतुर्थ अध्ययन ।

**मूलम्— चउत्थस्स उक्खेवो—**

**विजयपुर णगर, णंदणवणं उज्जाणं, असोगो**

वासवदत्ते राया, कण्हा देवी सुवासवे कुमारे भद्दापामोक्खा
ण पंच सया जाव पुव्वभवे कोसंबी णगरी धणपाले राया,
वेसमणभद्दे अणगार पडिलाभिए इह जाव सिद्धे ॥ ४ ॥
चउत्थं अज्झयणं समत्तं ॥

**भावार्थ—** विजयनगर में नन्दनवन उद्यान था। उसमें अशोक यक्ष रहता था। नगर का राजा वासवदत्त और रानी कृष्णा थी। कुमार का नाम वासव कुमार था। भद्रा प्रभृति पांच सौ रानियां थीं। (यावत्) वह कुमार पूर्व भव में कौशाम्बी नगरी का धनपाल नामक राजा था। वैश्रमणभद्र मुनि ने प्रतिलाभ लिया था। यहां (यावत्) उत्पन्न हुआ और सिद्ध होगा ॥ ४ ॥

वासवकुमार का वर्णन करने वाला
चौथा अध्ययन समाप्त हुआ

## पंचम-अध्ययन

**मूलम्—**पंचमस्स उक्खेवो—सोगंधिया णयरी, नीलासोए उज्जाणे सुकालो जक्खो, अप्पडिहओ राया, सुकन्ना देवी, महचंदे कुमारे, तस्स अरहदत्ता भारिया, जिणदासो पुत्तो तित्थयरागमणं जिणदासपुव्वभवो मज्झमिया णयरी, मेहरहो राया,सुधम्मे अणगारे पडिलाभिए,जाव सिद्धे ॥५॥

पंचमं अज्झयणं समत्तं

**भावार्थ—**सौगन्धिका नगरी में नीलाशोक उद्यान था। उसमें सुकाल नामका यक्ष था। राजा अप्रतिहत और रानी सुकन्या थी। महचन्द्र

कुमार था। उसकी अरहत्ता स्त्री और जिनदास पुत्र था। तीर्थंकर आये। गणधर भगवान् ने जिनदास के पूर्वभव पूछे। भगवान ने कहा माध्यमिका नगरी में सुधर्म राजा ने मेघरथ अनगार को दान दिया [यावत्] सिद्ध होगा ॥ ५ ॥

पांचवां अध्ययन समाप्त।

## छठा अध्ययन।

**मूलम्—छट्ठस्स उक्खेवो—कणगपुर णगर सेयासोय उज्जाण वीरभद्दो जक्खो, पियचंदो राया, सुभद्दा देवी, वेसमणे कुमारे जुवराया, सिरीदेवीपामोक्खा पंचसयकन्ना, पाणिग्गहण तित्थयरागमण, धनवती जुवरायपुत्ते, जाव पुव्वभवो-मणिवया नगरी, मित्तो राया, सम्भूतिविजए अणगारे पडिलाभिते, जाव सिद्धे ॥ ६ ॥**

छट्ठं अज्झयणं समत्तं।

**भावार्थ**—कनकपुर नगरमें श्वेताशोक उद्यान था। जिसमें वीरभद्र नामके यक्षका यक्षायतन था। नगरका राजा प्रियचन्द्र और रानी सुभद्रा थी। युवराज वैश्रमणकुमार था। श्रीदेवी प्रभृति पांचसो कन्याएं उसे परिणाई गई। तीर्थंकर भगवान् आये। उन्होंने धनपति युवराजके पुत्रके पूर्वभव बताए कि-[यावत्]मणिपदा नगरी में मित्र नामक राजा था। सम्भूति विजय अनगारको दान देकर यहां उत्पन्न हुआ और [यावत्] सिद्ध होगा ॥ ६ ॥

छठा अध्ययन समाप्त हुआ।

## सप्तम- अध्ययन।

**मूलम्—सत्तमस्स उक्खेवो- महापुर णगर, रत्तासोग उज्जाण, रत्तपाओ जक्खो, बले राया, सुभद्दा देवी महब्बले**

कुमारे रत्तवईपामोक्खाओ पचसयकन्नाओ, पाणिग्गहणं, जाव पुव्वभवो — णागदत्ते गाहावती, इंदपुरे अणगारे पडिलाभिए जाव सिद्धे ॥ ७ ॥

॥ सत्तम अज्झयणं समत्तं ॥

**भावार्थ—** महापुर नगर म रक्ताशोक उद्यान था। उसम रक्तपाद नामके यक्ष का यक्षायतन था। राजा का नाम बल था। रानी सुभद्रादेवी थी। महाबल कुमार था। रक्तवती प्रमुख पाच सौ कन्याओंके साथ पाणिग्रहण हुआ। तीर्थंकर भगवान् आए। पूर्वभव बताए— मणिपुर नगर में नागदत्त गाथापति ने इन्द्रपुर अनगारको दान दिया। (यावत्) वह सिद्ध हुआ॥७॥

सातवाँ अध्ययन समाप्त हुआ ॥

## अष्टम- अध्ययन।

मूलम्— अट्ठमस्स उक्खेवो—

सुघोसं णगरं, देवरमणं उज्जाणं, वीरसेणो जक्खो, अज्जुणो राया, तत्तवती देवी, भद्दनंदी कुमारे सिरिदेवी पामोक्खा पचसया जाव पुव्वभवे पुव्वा-महाघोसे णगरे धम्मघोसे गाहावती धम्मसीहे अणगारे पडिलाभिए जाव सिद्धे ॥८॥

अट्ठम अज्झयणं समत्तं।

**भावार्थ—** सुघोष नगर म देवरमण उद्यान था। उसम वीरसेन नामके यक्ष का यक्षायतन था। राजा अर्जुन था। रानी तत्ववती थी। भद्रनंदी कुमार था। श्रीदेवी प्रमुख पाच सौ कन्याएं परिणाई गईं। पूर्व भव इस प्रकार है—महाघोष नगर मे धर्मघोष सेठ ने धर्मसिंह अनगार को दान देकर, यहां जन्म लिया है, (यावत्) सिद्ध हुआ ॥८॥

आठवां अध्ययन समाप्त हुआ।

## नववाँ अध्ययन ।

मूलम्— नवमस्स उक्खेवो—

चंपा नगरी, पुन्नभद्दे उज्जाणे, पुन्नभद्दो जक्खो, दत्ते राया, रत्तवई देवी, महचंदे कुमारे जुवराया, सिरिकन्तापामोक्खाणं पंचसया कन्ना, जाव पुव्वभवो तिगिच्छी णगरी जियसत्तू राया, धम्मवीरिए अणगारे पडिलाभिए जाव सिद्धे ॥९॥

नवम अज्झयणं समत्तं

**भावार्थ—** चम्पा नगरी में पूर्णभद्र उद्यान में पूर्णभद्र नामक यक्ष का यक्षायतन था। राजा का नाम दत्त और रानी का नाम रक्तवती था। युवराज कुमार महचन्द्र था। श्रीकान्ता वगैरह पांच सौ कन्याओं से विवाह हुआ। पूर्व भव— चिकित्सा नगरी में जितशत्रु राजा ने धर्मवीर्य अनगार को दान दिया था। यह यहां उत्पन्न हुआ, (यावत्) सिद्ध होगा ॥९॥

नवमा अध्ययन समाप्त हुआ।

## दशवाँ अध्ययन

मूलम्— जति णं भंते! दसमस्स उक्खेवो—

एवं खलु जम्बू! तेणं कालेणं तेणं समएणं साएए णामं णगरं होत्था। उत्तरकुरुउज्जाणे पासमिओ जक्खो मित्तनंदी राया सिरिकन्ता देवी, वरदत्ते कुमारे वीरसेणा(वरसेणा) पामोक्खाणं पंचदेवीसया, तित्थयरागमणं, सावगधम्मं, पुव्वभवपुच्छा सतदुवारे नगरे विमलवाहणे राया धम्मरुचिनामं अणगारं एज्जमाणं पासति। पासित्ता पडिलाभिते समाणे संसारं परित्तीकये मणुस्साउए निबद्धे, इह उप्पन्ने, सेसं

जहा सुबाहुस्स कुमारस्स पासइत्ता जाव पव्वजा, कप्प तरिओ जाव सव्वट्ठसिद्धे । ततो महाविदेहे, जहा दढपइन्नो जाव सिज्झिहिति बुज्झिहिति मुचिहिति परिनिव्वाहिति सव्वदुक्खाणमन्तं करेहिति । एवं खलु जम्बू! समणेण भगवया महावीरेण जाव सपत्तेण सुहविवागाण दसमस्स अज्झयणस्स अयमट्ठे पन्नत्ते । सेवं भंते! सेवं भंते! सुहविवागा ॥ १० ॥

दसम अज्झयण समत्त ।

**भावार्थ—** हे भगवन्! दशवें अध्ययन का वर्णन कैसा है? हे जम्बू! उस काल में उस समय साकेत नामक नगर था। उस में उत्तर कुरु उद्यान था। पासमिक नामक यक्ष का यक्षायतन था। मित्रनन्दी राजा था। श्रीकान्ता रानी थी। वरदत्त कुमार था। उसके वीरसेना (या वरसेना) प्रमुख पाच सौ रानियां थीं। वहां तीर्थंकर पधारे। वरदत्त ने श्रावकधर्म स्वीकार किया। गणधर महाराज ने उसके पूर्वभव पूछे। भगवान् ने बताया— शतद्वार नगर में विमलवाहन राजा ने धर्मरुचि नामक अनगार को आता देखा। देखकर, विधिपूर्वक दान देकर ससार को हलका किया। मनुष्य आयु बांधकर यहां उत्पन्न हुआ है। शेष सब सुबाहुकुमारकी तरह जानना चाहिए— पौषधमें आध्यात्मिक विचार पैदा हुआ (यावत्) और दीक्षित हो गया। अनुक्रम से कल्पों में (यावत्) और सर्वार्थसिद्धि में देव होगा। पश्चात् महाविदेह क्षेत्रमें दृढ प्रतिज्ञ की तरह (यावत्) सिद्ध बुद्ध मुक्त और परिनिर्वृत होगा तथा सब दुखों का अन्त करेगा।

हे जम्बू! इस प्रकार श्रमण भगवान् महावीर ने (यावत्) मोक्ष को प्राप्त होते हुए सुख विपाक के दसवें अध्ययन में यह अर्थ प्ररूपण किया है। जम्बू स्वामी बोले—

हे भगवन् ! ऐसा ही है, ऐसा ही है!!
दसवां अध्ययन समाप्त हुआ

**मूलम्—** नमो सुयदेवयाए। विवागसुयस्स दो सुयक्खन्धा-दुहविवागो य सुहविवागो य। तत्थ दुहविवागे दस अज्झयणा एकासरगा। दससु चेव दिवसेसु उद्दिसिज्जंति। एवं सुहविवागो वि। सेसं जहा आयारस्स ॥

इइ सुहविवागसुत्तं समत्तं ।

**भावार्थ—** श्रुत देवता के लिए नमस्कार हो। विपाक सूत्र के दो श्रुतस्कन्ध हैं—एक दुखविपाक और दूसरा सुखविपाक। उनमें से दुखविपाक में दश अध्ययन हैं और वे एक सरीखे हैं। इनका उपदेश दश दिनों में ही दिया जाता है। इसी प्रकार सुखविपाक भी जानना चाहिए। शेष सब आचाराङ्ग की तरह जानना चाहिए।

॥ इस प्रकार सुखविपाक सूत्र समाप्त हुआ ॥

इसे स्वमज्झाय टालकर अध्याय से पढ़ें

(सुखविपाकसूत्र)

# शुद्धि पत्र

| पृ | प | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| ५ | २४ | तावणा | तत्वशा |
| ६ | ८ | सुवाहु | सुबाहु |
| ११ | ५ | वहा | वह |
| १३ | १० | मपडिय० | मपिडिय० |
| १७ | २३ | म | वृक्ष |
| १६ | ३ | सुभिक्ख | सुभिक्ख |
| २० | ३ | खजाने | यन खजाने |
| २० | २१ | ० टियहिय० | ०लिहिय० |
| २१ | ३ | पथ गवमाणी | पथण गवमाणी |
| २६ | ५ | उसी | उसी |
| ३८ | २५ | मैडे | पत्ते |
| ४७ | ५ | ० गधम्मलनाल० | ० गधम०नाल० |
| ४७ | २२ | प चात | पश्चात् |
| ४८ | १६ | चमस | चम्पक |
| ६५ | ६ | गाभे | गाभे |
| ६५ | २० | निरूवनेव | निम्बलेय |
| ६६ | २२ | भगवान का पक्ष | भगवान का मुँह पक्ष |
| ६८ | १५ | उठी हुई | उठे हुए |
| ७८ | १३ | और | आर |
| ७९ | १० | वला | नाला |
| ८६ | ७ | विहरा | विहार |
| ६४ | १६ | वास आदिक पत्तेकी | नास की |
| ११० | १ | यावत् | यावत् |
| १२० | १२ | तहारूयाण । थेराण | तहारूयाण थेराण |
| १२६ | १५ | ध य नामक यक्ष था | अन्य नामक यक्ष का यक्षायतन था |